





## मुख्यमंत्री डॉ . यादव का गढ़ा हेलीपेड पर पुष्पगुच्छ भेंट

**छतरपुर ,13 फरवरी. मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार को छतरपुर जिले के ग्राम गढ़ा स्थित बागेश्वर धाम में आयोजित सामूहिक कन्या विवाह महोत्सव में शामिल होने पहुंचे.**

मुख्यमंत्री का गढ़ा हेलीपेड पर पहुंचने पर खजुराहो सांसद वी.डी. शर्मा, वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार, राजनगर विधायक अरविंद पटेरिया, छतरपुर विधायक ललिता यादव, बिजावर विधायक राजेश शुक्ला, पूर्व विधायक प्रद्युम्न सिंह लोधी, पूर्व नपा अध्यक्ष अर्चना सिंह, चन्द्रभान सिंह गौतम सहित अन्य जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया.

डीआईजी विजय खत्री, कलेक्टर पार्थ जैसवाल और एसपी अगम जैन समेत अधिकारी भी उपस्थित रहे. इसके बाद मुख्यमंत्री ने हेलीपेड पर बड़ी संख्या में मौजूद जनसमूह को हाथ हिलाकर अभिवादन स्वीकार किया. उन्होंने महोत्सव में शामिल होकर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई और स्थानीय लोगों से मिलकर उनके उत्साह को सराहा.

# ' हिंदुत्व बचाना है तो माला और भाला रखना पड़ेगा '

- कांग्रेस ने कहा- ऐसे बयान पर दर्ज हो एफआईआर
- महाशिवरात्रि पर 300 कन्याओं के सामूहिक विवाह की तैयारी



### धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कथा में हिंदुत्व को लेकर दिया बयान

**छतरपुर, 13 फरवरी. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री बागेश्वर धाम में कथा के दौरान दिए गए अपने बयान को लेकर एक बार फिर चर्चा में आ गए हैं.**

भक्तों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 'हिंदुत्व को बचाना है तो केवल माला जपने से काम नहीं चलेगा, इसके लिए माला और भाला दोनों रखना पड़ेगा.' उनके इस बयान के बाद राजनीतिक हलकों में प्रतिक्रियाएं तेज हो गई हैं. इस बयान पर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने आपत्ति जताई है.

पार्टी के मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक ने कहा कि इस बयान की जांच कर शास्त्री के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जानी चाहिए. उनका आरोप है कि इस प्रकार के वक्तव्य सामाजिक सौहार्द को प्रभावित कर सकते हैं. इधर बागेश्वर धाम की ओर से जानकारी दी गई है कि आगामी महाशिवरात्रि पर धाम परिसर में 300 कन्याओं का सामूहिक विवाह कराया जाएगा. इनमें दिव्यांग और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियां भी शामिल होंगी. आयोजन के लिए उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, बिहार, छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल सहित नेपाल से भी चयनित कन्याओं को आमंत्रित किया गया है. धार्मिक आयोजन और बयान, दोनों को लेकर प्रदेश में चर्चा और राजनीतिक बयानबाजी जारी है.



## तेज रफ्तार कार झोपड़ी में घुसी, बाल-बाल बचा परिवार

### चालक मौके से फरार

**छतरपुर,13 फरवरी. बीती रात एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बनी झोपड़ी में जा घुसी, जिससे आदिवासी परिवार का आशियाना पूरी तरह तबाह हो गया. घटना रात करीब 10:30 बजे सिविल लाइन थाना क्षेत्र के पास हुई, जब सफेद रंग की शेवरलेट कार छतरपुर से खजुराहो की ओर जा रही थी.**

तेज रफ्तार के कारण कार अचानक नियंत्रण से बाहर हो गई और सीधे लोहगढ़िया आदिवासी परिवार की झोपड़ी में जा घुसी. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि झोपड़ी, बैलगाड़ी और घर का पूरा सामान क्षतिग्रस्त हो गया.

गनीमत रही कि हादसे के समय परिवार के सदस्य झोपड़ी के अंदर नहीं थे. 65 वर्षीय मानसिंग लोहार, 70 वर्षीय रतन और 20 वर्षीय ओमप्रकाश बाहर खटिया पर बैठे थे, जबकि अन्य सदस्य पास में खाना बना रहे थे. स्थानीय लोगों के अनुसार परिवार की जान महज कुछ इंच की दूरी से बच गई, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था.

हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया. प्रत्यक्षदर्शियों ने चालक के नशे में होने की आशंका जताई है. पुलिस ने मौके पर पहुंचकर वाहन को कब्जे में ले लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है. घटना के बाद प्रभावित परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर है और प्रशासन से मदद की उम्मीद कर रहा है.

## हायर सेकेंडरी एवं हाई स्कूल परीक्षा प्रारंभ

**सीहोर.** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हाई स्कूल एवं हायर सेकण्ड्री परीक्षाएं शुक्रवार को जिले के सभी विकासखंडों के निर्धारित 97 परीक्षा केन्द्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से प्रारंभ हुई. परीक्षा के प्रथम दिवस कक्षा 10 वीं में उर्दू विषय तथा कक्षा 12 वीं में भौतिक शास्त्र, अर्थशास्त्र, एनीमल हसबेंडरी, विज्ञान के तत्व एवं भारतीय कला के इतिहास विषयों के प्रश्न पत्र आयोजित किए गए.

## लाखों की राहत राशि हड़पने वाला लिपिक बर्खास्त

**सीहोर 13 फरवरी.** कृषकों व आपदा पीड़ित हितग्राहियों को दी जाने वाली राहत राशि में 63 लाख 58 हजार 894 रुपए के गबन के मामले में तहसील इछावर कार्यालय में पदस्थ (निलंबित) सहायक वर्ग-03 सुशील कुमार रायकवार को शासकीय सेवा से पदच्युत कर दिया गया है. जिला विभागीय जांच अधिकारी की विस्तृत जांच में यह सिद्ध हुआ कि रायकवार ने राहत राशि का दुरुपयोग कर लाखों की हेराफेरी की साजिश रची.

इस मामले में रायकवार को 11 मई 2023 को निलंबित किया गया था. घोटाले की जांच के अनुसार सुशील कुमार रायकवार द्वारा स्वयं के खाते में 14,12,396 रुपए अंतरित किए गए.

## ढाबे पर सिलेंडर रिफिलिंग के दौरान आग

### कारीगर रवि चौरसिया गंभीर रूप से झुलसा



**छतरपुर, 13 फरवरी. जिले के गढ़ीमलहरा क्षेत्र में कुर्राहा रोड स्थित एक ढाबे पर गैस सिलेंडर की रिफिलिंग के दौरान अचानक आग लगने से एक युवक गंभीर रूप से झुलस गया. घायल को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है.**

जानकारी के अनुसार पटेल ढाबे पर काम कर रहे कारीगर रवि चौरसिया गैस सिलेंडर से दूसरे सिलेंडर में गैस भर रहे थे. इसी दौरान जिस सिलेंडर में गैस भरी जा रही थी, उसका वाल्व ठीक से फिट नहीं था, जिससे गैस का तेज़ी से रिसाव होने लगा. गैस के दबाव के कारण सिलेंडर असंतुलित होकर गिर पड़ा और घूमने लगा.

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पास में जल रहे तंदूर से निकली चिंगारी ने लीक हो रही गैस को पकड़ लिया, जिससे अचानक आग भड़क उठी और मौके पर अफरा-तफरी मच गई. कर्मचारियों और ग्राहकों ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई.

आग की चपेट में आने से रवि चौरसिया गंभीर रूप से झुलस गया. स्थानीय लोगों की मदद से उसे तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां बर्न वार्ड में उसका उपचार चल रहा है. गढ़ीमलहरा थाना पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है और अवैध रिफिलिंग के पहलू की भी जांच की जा रही है.



## मुख्य पाइपलाईन पर ही काट डाली कालोनी

नवभारत न्यूज

**सीहोर 13 फरवरी. शहर में अवैध कॉलोनियों का जाल अब बुनियादी सुविधाओं की नसों तक पहुंच गया है. ताजा मामला समीपस्थ जमोनिया तालाब से आ रही मुख्य पेयजल पाइपलाइन का है, जिस पर ही कॉलोनाइजर ने प्लाट काट डाले. इतना ही नहीं, कई मकान और दुकानें भी खड़ी कर दी गई. अब नगर पालिका ने नोटिस थमाकर शासन की अनुमतियां प्रस्तुत करने को कहा है, लेकिन सवाल यह है कि आखिर निर्माण कार्य होते समय संबंधित विभाग आंख मूंदे क्यों बैठा रहा?**

जानकारी के अनुसार जमोनिया तालाब से शहर की जलापूर्ति के लिए बिछाई गई मुख्य पाइपलाइन पर अतिक्रमण कर प्लॉटिंग की गई. इस मामले में नपा के जबावदेह अधिकारियों का कहना है कि यदि भविष्य में पाइपलाइन में खराबी आती है या मरम्मत की जरूरत पड़ती है, तो भारी समस्या खड़ी हो जाएगी। जलापूर्ति बाधित होने के साथ-साथ लाखों रुपये की पाइपलाइन को भी नुकसान पहुंच सकता है. शुक्रवार को सीएमओ सुधीर कुमार के निर्देश पर सहायक यंत्री विजय कोहली और अमला सायलो चौराहा स्थित एक अवैध कालोनी में पहुंचा. सहायक यंत्री की मानें तो निकाय की जलापूर्ति हेतु जमोनिया जलाशय से मण्डी/गंज क्षेत्र की ओर राइजिंग मेन लाईन (मुख्य पाईप लाईन) बिछी हुई है. कालोनाईजर द्वारा अतिक्रमण कर निर्माण कार्य करा लिया गया है जिससे पाईप लाईन से संबंधित किसी भी प्रकार का कार्य किया जाना संभव नहीं है. ऐसे में नगर पालिका द्वारा नोटिस जारी कर कॉलोनाइजर से शासन की स्वीकृतियां मांगी गई हैं. यदि दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाते, तो अतिक्रमण हटाने और अवैध निर्माण पर कार्रवाई की बात कही जा रही है. हालांकि शहरवासियों का कहना है कि केवल नोटिस थमाना पर्याप्त नहीं है, जब तक जमीन पर सख्त कार्रवाई न हो.

### अनुमतियां दिखाने को कहा है

सायलो चौराहे के समीप जमोनिया तालाब से आ रही पाईपलाईन पर अवैध रूप से निर्माण किए गए हैं. इन सभी 11 अतिक्रमणकारियों को नोटिस देकर उनसे निर्माण संबंधी अनुमतियां दिखाने को कहा गया है. अगर वह अनुमतियां नहीं दिखाते हैं तो हमारे द्वारा आगामी कार्रवाई की जाएगी.

**विजय कोहली,** सहायक यंत्री, नपा

## बिना नंबर प्लेट बाइकों से शराब तस्करी का वीडियो वायरल

### पुलिस जांच में जुटी



**छतरपुर , 13 फरवरी. क्षेत्र में अवैध शराब तस्करी का मामला सामने आने के बाद पुलिस और आबकारी विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं. गुरुवार को वायरल हुए एक वीडियो में बिना नंबर प्लेट की बाइकों पर युवक खुलेआम शराब की पेटियां ले जाते दिखाई दे रहे हैं.**

जानकारी के अनुसार दिदोल तिगेला के पास पावर प्लांट के सामने दो बाइकों पर सवार तीन युवक करीब छह पेटी शराब ले जाते नजर आए. यह वीडियो एक स्थानीय व्यक्ति ने बनाया, जिसके बाद ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ गई है. ग्रामीणों का आरोप है कि शराब दुकानों से पेटियां निकालकर बाइक के माध्यम से गांव-गांव सप्लाई की जा रही है. उनका कहना है कि बिना मिलीभगत के इस तरह की तस्करी संभव नहीं है.

स्थानीय लोगों के अनुसार क्षेत्र में अवैध शराब की उपलब्धता के कारण युवाओं में नशे की प्रवृत्ति बढ़ रही है, जिससे घरेलू विवाद और आपराधिक घटनाओं में भी वृद्धि हो रही है. लोगों ने प्रशासन से इस मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की है. वहीं ईशानगर थाना प्रभारी मनोज गोयल ने बताया कि वायरल वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान की कार्रवाई शुरू कर दी गई है और दोषियों के खिलाफ जल्द ही कानूनी कार्रवाई की जाएगी.

## प्रभावित गांवों में दोबारा सर्वे का फैसला

### केन-बेतवा परियोजना

- पात्र ग्रामीणों को मिलेगा मुआवजा
- 13 प्रभावित गांवों में पुनः सर्वे शुरू
- अधूरे दस्तावेज बनवाने में प्रशासन करेगा मदद
- पात्र परिवारों को योजनाओं का भी मिलेगा लाभ



**छतरपुर, 13 फरवरी. जिले में केन-बेतवा लिंक परियोजना से प्रभावित ग्रामीणों की मांगों को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है.**

कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देश पर प्रभावित गांवों में पुनः सर्वे की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति मुआवजा पैकेज से वंचित न रहे.

जिला स्तर पर विशेष सर्वे दल का गठन किया गया है, जिसकी अध्यक्षता तहसीलदार सटई कर रहे हैं. यह दल कुल 13 प्रभावित ग्रामों में पारदर्शी तरीके से सर्वे कर रहा है. जिन ग्रामीणों के नाम पहले मुआवजा सूची में शामिल नहीं हो पाए थे, उनका पुनः सत्यापन कर सूची में जोड़ा जाएगा.

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिन पात्र लोगों के दस्तावेज अधूरे हैं या उपलब्ध नहीं हैं, उनके दस्तावेज तैयार कराने में प्रशासन पूरी सहायता देगा.

सर्वे पूर्ण होने के बाद पात्र परिवारों को नियमानुसार मुआवजा राशि और पुनर्वास से जुड़ी सुविधाएं प्रदान की जाएंगी. कलेक्टर ने बताया कि डैम निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है और परियोजना से जुड़ी प्रगति की जानकारी समय-समय पर ग्रामीणों को दी जाती रहेगी. प्रशासन का लक्ष्य है कि विस्थापित परिवारों को उनके अधिकारों के अनुसार पारदर्शी और संवेदनशील तरीके से सभी लाभ सुनिश्चित किए जाएं.



## नेत्र शिविर 27 मरीजों को लैंस प्रत्यारोपण हेतु चित्रकूट रवाना

**हरपालपुर,13 फरवरी. हर माह की 13 तारीख को आयोजित नि:शुल्क नेत्र शिविर शुक्रवार को स्थानीय रेस्ट हाउस में सद्गुरू सेवा आश्रम जानकी कुंड; चित्रकूट धाम द्वारा आयोजित किया गया.**

शिविर के मुख्य अतिथि राजेन्द्र बैसाखियां और संचालक अर्चना महेश राय की उपस्थिति में चित्रकूट से आए चिकित्सक अरविंद मिश्र की टीम ने 140 मरीजों की जांच की.

जांच में 27 मरीजों में मोतियाबिंद की पुष्टि हुई, जिन्हें सद्गुरू सेवा आश्रम की बस द्वारा नेत्र चिकित्सालय, चित्रकूट भेजा गया ताकि लैंस प्रत्यारोपण कराया जा सके. साथ ही शिविर में सभी मरीजों को नि:शुल्क चश्मे भी प्रदान किए गए. इस प्रकार यह शिविर जरूरतमंद लोगों के लिए बहुत लाभकारी रहा.

## डकैती की योजना बनाते धराए बदमाश

**आष्टा.** पांच बदमाश पेट्रोल पंप लूटने की वारदात को अंजाम दे पाते उससे पहले ही पुलिस को भनक लग गई. पुलिस ने पांचों बदमाशों को हथियारों सहित दबोच लिया. पुलिस के हत्थे चढ़े बदमाशों पर पूर्व में भी कई मामले विभिन्न थानों में दर्ज हैं. पुलिस आरोपियों से पूछताछ में जुट गई है. थाना अन्तर्गत गत रात्रि नानकपुर ग्राम से सूचना प्राप्त हुई की पांच बाहरी व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में हथियार रखे देखे गए हैं. वह सभी किसी घटना लूट, चोरी घटित करने की बात करते रास्ते से जा रहे हैं. पुलिस की दो टीमें नानकपुर यात्री प्रतीक्षालय के पास पहुंची तो वहां बैठे पांच व्यक्ति भागने का प्रयास करने लगे. पुलिस ने ग्रामवासियों की मदद से घेराबंदी कर गिरफ्तार किया.

**निरीक्षण** — फर्स्ट एड बॉक्स, पेयजल आदि सुविधाएं सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

## कलेक्टर ने बोर्ड परीक्षा केंद्र का किया निरीक्षण

- संवेदनशील केंद्रों पर विशेष निगरानी के निर्देश



**छतरपुर,13 फरवरी. माध्यमिक शिक्षा मंडल, बोर्ड परीक्षाओं के तहत कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने 13 फरवरी 2026 को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1, छतरपुर का औचक निरीक्षण किया. इस दिन कक्षा 12वीं का भौतिक शास्त्र, अर्थशास्त्र एवं एनीमल हसबेंड्री विषय का प्रश्नपत्र आयोजित हुआ.**

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने परीक्षा कक्षों की व्यवस्था, बैठने की योजना, प्रश्नपत्र वितरण प्रक्रिया, सीसीटीवी निगरानी, पेयजल, फर्स्ट एड बॉक्स एवं शौचालय सुविधाओं का जायजा लिया. इस अवसर पर एसडीएम अखिल राठौर, तहसीलदार पीयूष दीक्षित सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे.

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए बिजली, पानी और सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखी जाए. उन्होंने शिक्षकों एवं केंद्राध्यक्ष को समय पर परीक्षा प्रारंभ कराने, गोपनीय सामग्री की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा संवेदनशील केंद्रों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए.

कलेक्टर ने केंद्राध्यक्ष से परीक्षा में नामांकित विद्यार्थियों की संख्या तथा निकटवर्ती थाने की जानकारी ली. उन्होंने स्पष्ट किया कि परीक्षा केंद्र पर मोबाइल फोन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे. कलेक्टर प्रतिनिधि से प्रश्नपत्र सुरक्षित रूप से निकालने एवं संबंधित प्रविष्टियां दर्ज करने की जानकारी भी ली गई.

बताया गया कि 20 विद्यार्थियों पर एक इन्विजिलेटर तथा 21 से 40 विद्यार्थियों पर दो इन्विजिलेटर नियुक्त किए जाते हैं. कलेक्टर ने सीएएस एवं एसीएस से चर्चा कर विद्यालय में बनाए गए परीक्षा कक्षों की जानकारी ली तथा परीक्षा प्रारंभ और समाप्ति समय की भी समीक्षा की. उन्होंने कक्षा में उपस्थिति पंजी (रजिस्टर) में विद्यार्थियों के हस्ताक्षर कराए जाने की प्रक्रिया का अवलोकन भी किया.